आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

1910 सोमवार दिनांक 29.07.2024

मुख्य समाचारः—

1— प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के साथ की चर्चा।

2— मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की—कृषि और ग्रामीण विकास के विभिन्न मुद्दों पर हुई बातचीत।

3— राज्य सरकार ने ग्यारह जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकरियों और सिविल सर्जनों सहित सत्रह स्वास्थ्य अधिकारियों का किया तबादला।

और

4— बीजापुर जिले में एक इनामी सहित चौदह माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

............

प्रधानमंत्री—चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल नई दिल्ली में भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के साथ चर्चा की। श्री मोदी ने सभी को अपने—अपने राज्यों में शासन व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए कई सुझाव दिए और कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर जोर

दिया। इस बैठक का उद्देश्य शासन और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करना था। दो दिवसीय इस बैठक में प्रधानमंत्री ने भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों से विकास कार्यक्रमों और अन्य प्रयासों में जनभागीदारी पर अधिक जोर देकर देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने की अपील की।

पीएम आवास योजना

प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के अंतर्गत अब तक कुल एक करोड़ अट्ठारह लाख से अधिक मकान स्वीकृत किये जा चुके हैं। केन्द्रीय आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू ने आज राज्यसभा में एक प्रश्न के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि कुल स्वीकृत घरों में से एक करोड़ चौदह लाख से अधिक आवास निर्माणाधीन हैं तथा पच्यासी लाख से अधिक का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

मुख्यमंत्री–केन्द्रीय कृषि मंत्री मुलाकात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कृषि और ग्रामीण विकास के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इसमें माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी योजनाओं के कार्यान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित पंद्रह लाख अट्ठारह हजार पात्र परिवारों के आवास का मुद्दा रखा, जिस पर केंद्रीय मंत्री ने जल्द स्वीकृति देने का आश्वासन दिया है।

मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने श्री चौहान से माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास पर भी चर्चा की। उन्होंने साढ़े दस हजार नये पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना में शामिल करने का अनुरोध किया। साथ ही माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में पंचायतों को आवास निर्माण की स्वीकृति देने की मांग भी की। मुख्यमंत्री ने मनरेगा योजना के तहत आधार आधारित भुगतान प्रणाली में अगले साल इकतीस मार्च तक छूट देने का आग्रह केंद्रीय मंत्री से किया। साथ ही इन क्षेत्रों में जब तक बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध ना हो, तब तक नगद भुगतान की अनुमति देने की भी मांग की। श्री साय ने केंद्रीय मंत्री से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में छूटे हुए आदिवासी क्षेत्रों को शामिल करने और पुरानी सड़कों के उन्नयन की मांग की। वहीं, मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में कोदो, कुटकी, और रागी जैसी मिलेट फसलों के उत्पादन को बढ़ाने पर जोर दिया। इस पर केंद्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ में कृषि और ग्रामीण विकास के विभिन्न प्रस्तावों पर जल्द सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है।

बीजापुर–अनुकंपा नियुक्ति

नक्सली हिंसा में मृतक के परिजनों को छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास नीति के तहत शासकीय सेवा में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाएगी। इसे लेकर बीजापुर में जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की बैठक कलेक्टर अनुराग पाण्डेय की अध्यक्षता में हुई। जिसमें कुल अंठावन पात्र आवेदकों को प्रथम चरण में अनुकंपा नियुक्ति देने का फैसला लिया गया। वहीं, इससे पहले जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा की गई। बीजापुर कलेक्टर ने बताया कि विभिन्न विभागों में चतुर्थ वर्ग के पदों पर नियुक्ति के लिए अंठावन आवेदकों को प्रथम चरण में पात्र पाया गया है। उन्होंने बताया कि कल तीस जुलाई को आवेदकों की काउंसलिंग इन्द्रावती सभाकक्ष में सुबह ग्यारह बजे से शुरू होगी।

कांग्रेस–प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस द्वारा आज प्रदेशभर में "बिजली बिल जलाओ आंदोलन" किया गया। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा महंगी बिजली बिल और स्मार्ट मीटर के विरोध में यह आंदोलन किया गया। इसी कड़ी में राजधानी रायपुर में प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में बूढ़ा तालाब स्थित बिजली ऑफिस के सामने आंदोलन किया गया। इस आंदोलन में युवा कांग्रेस के सैकड़ो कार्यकर्ताओं द्वारा बिजली ऑफिस के सामने धरना–प्रदर्शन किया गया।

स्वास्थ्य अधिकारी–तबादला

राज्य सरकार ने स्वास्थ्य विभाग के सत्रह अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इसमें ग्यारह जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी और सिविल सर्जन शामिल हैं। लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग ने यह आदेश जारी किया है।

जारी आदेश के अनुसार डॉक्टर एफ.आर. निराला को सारंगढ़–बिलाईगढ़ का प्रभारी मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी बनाया गया है। वहीं, राजेश अवस्थी को बलौदाबाजार–भाटापारा, विजय कुमार को मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी, यशवंत कुमार ध्रुव को बेमेतरा, अजय रामटेके को दंतेवाड़ा, रामेश्वर शर्मा को गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही, कपिल देव पैकरा को सूरजपुर, संजय बसाक को बस्तर और अवधेश पाणिग्रही को सक्ती जिले का प्रभारी मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी बनाया गया है।

वहीं, राज्य सरकार ने वाणिज्यिक कर विभाग के तीन ज्वाइंट कमिश्नर सहित आठ अधिकरियों और कर्मचारियों का भी तबादला किया है।

केन्द्रीय राज्यमंत्री–प्रधानमंत्री मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आज नई दिल्ली में केन्द्रीय आवासन और शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू ने मुलाकात की। इस अवसर पर श्री साहू ने प्रधानमंत्री को गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरित मानस ग्रंथ भेंट किया। साथ ही विभिन्न जनकल्याण योजनाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

अरूण साव–छत्तीसगढ़ विजन

उप मुख्यमंत्री अरूण साव आज बिलासपुर में राज्य नीति आयोग द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय कार्यक्रम 'छत्तीसगढ़ विजन–दो हजार सैंतालीस'' में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में बिलासपुर संभाग के युवाओं, किसानों, महिलाओं और प्रबुद्धजनों ने अपने विचार साझा किए। इस मौके पर श्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने सरकार संकल्पित है।

वहीं, उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने आज मुंगेली जिले के लोरमी में चार नवगठित नगरपालिकाओं में "मोर संगवारी" योजना का विस्तार किया।

राज्यपाल–कुलपति मुलाकात

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने मुलाकात की। कुलपतियों ने उच्च शिक्षा की बेहतरी के लिए उनके कार्यकाल के दौरान दिए गए महत्वपूर्ण दिशा–निर्देशों, मार्गदर्शन और सहयोग के लिए राज्यपाल का आभार व्यक्त किया।

राज्यपाल–रेडक्रॉस समिति

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने आज राजभवन में रेडक्रॉस समिति की छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा प्रकाशित वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस की स्मारिका का विमोचन किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस समिति के मुख्यकार्यपालन अधिकारी एम.के.राउत ने बताया कि रेडक्रॉस द्वारा सर्वसुविधायुक्त भवन का निर्माण किया जा रहा है, जिसके लिए राज्यपाल ने स्वेच्छानुदान मद से बहत्तर लाख रूपए प्रदान किए हैं।

माओवादी–आत्मसमर्पण

बीजापुर जिले में आज चौदह माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें से एक माओवादी पर एक लाख रूपए का इनाम घोषित था। पुलिस के मुताबिक ये माओवादी उसूर–पामेड़ एरिया कमेटी, गंगालूर एरिया कमेटी और भैरमगढ़ एरिया कमेटी में सक्रिय थे। इन माओवादियों पर विभिन्न माओवादी गतिविधियों में शामिल रहने का आरोप है। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को शासन की पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस–पच्चीस हजार रूपए प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

ठगी आरोपी–गिरफ्तार

शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपियों को रायपुर की साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ठगी में शामिल सॉफ्टवेयर इंजीनियर और बैंक अकाउंट सप्लायर को दुर्ग से गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास मोबाइल, लैपटॉप, डेबिट कार्ड, कार और बैंक खातों में जमा

आठ लाख रूपए को पुलिस ने होल्ड करा दिया है। आरोपियों के नाम से अलग–अलग राज्यों के लगभग अस्सी पुलिस थानों और साइबर सेल में भी रिपोर्ट दर्ज है।

नशामुक्त भारत अभियान

केन्द्र सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा राष्ट्र को नशामुक्त बनाने के लिए नशामुक्त भारत अभियान–एनएमबीए चलाया जा रहा है। इसके तहत दुर्ग जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नशामुक्ति जन–जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इसके लिए कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। इस अभियान के संचालन के लिए छप्पन वालिंटियर भी नियुक्त किए गए हैं। इसके तहत युवाओं, बच्चों, शैक्षणिक संस्थानों, महिलाओं द्वारा रैली और नुक्कड़ नाटक और सेमिनार के माध्यम से मादक पदार्थों के सेवन नहीं करने के लिए जागरूक किया जाएगा। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

सावन सोमवार

आज सावन का दूसरा सोमवार है। इस अवसर पर प्रदेशभर के शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। भक्तों द्वारा लाए गए विभिन्न नदियों के जल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया जा रहा है। इसी कड़ी में सक्ती जिले के तुर्रीधाम में शिवभक्तों का तांता लगा हुआ है। तुर्रीधाम में सावन माह के दौरान मेला भी लगता है।

राजधानी रायपुर के शिवालयों में भी आज सुबह से ही शिवभक्तों की कतार लगी रही। बुढ़ेश्वर महादेव, हटेकश्वर नाथ मंदिर महादेवघाट सहित सभी मंदिरों में कावड़ियों द्वारा जलाभिषेक किया गया।

<u>मौसम</u>

मौसम विभाग ने कल दक्षिण छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा होने की चेतावनी दी है। वहीं, प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर कल हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई है। इसके साथ ही एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की आशंका है।

एक मानसून द्रोणिका बीकानेर, गुना, रायसेन, मंडला, पेंड्रा रोड, कोंटाई और उसके बाद दक्षिण–पूर्व की ओर बंगाल की खाड़ी तक विस्तारित है। इसके असर से सुकमा और बीजापुर जिलों में भारी वर्षा होने के आसार है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>